Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct roads connecting to Dongargarh in Rajnandgaon Parliamentary Constituency.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया इसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद प्रेषित करता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र छत्तीसगढ़ के राजनंदगाँव में एक धार्मिक नगरी डोंगरगढ़ है, जहां माता एक हजार छह सौ फीट की ऊंचाई पर विराजमान हैं । यहां महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और साथ के प्रदेशों के लाखों लोग नवरात्रे और चैत्र नवरात्रे में आते हैं । ऐसे ही डोंगरगढ़ और बोरतलाव को जोड़ने वाला अंतर्राज्यीय मार्ग महाराष्ट्र से जुड़ता है । यहां सड़क की लंबाई 15.30 किलोमीटर है । आरआरपी-2 योजना के तहत अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा 744.63 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दी गई थी, किंतु विभिन्न भौगोलिक स्थिति और भिन्न प्रकार की जमीन व मिट्टी होने के कारण तथा अत्यधिक यातायात दबाव के कारण पुनरीक्षित प्राक्कलन 1392.69 लाख रुपये दिनांक 22.09.2019 को डायरेक्टर, राष्ट्रीय ग्रामीण मार्ग विकास अभिकरण में लंबित है । केंद्रीय दल द्वारा मार्ग का निरीक्षण किया जा चुका है । सड़क निर्माण में विलंब हो रहा है ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि पुनरीक्षित प्राक्कलन के अनुसार राशि स्वीकृत कर कार्य आरंभ किया जाए ।